## खबर संक्षेप

### गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**कटनी।** किसानों के हित में रबी विपणन वर्ष 2025-26 मे न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि बुधवार 9 अप्रैल है। पूर्व में यह अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित थी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें जिले के किसानों से शेष बचे अंतिम दिवस का सदुपयोग करते हुए में गेंहूं उपार्जन के लिए पंजीयन अवश्य करानें का आग्रह किया है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है , राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जा रहा है। इस तहत गेहूं की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। उल्लेखनीय है कि गेहूँ उपार्जन के लिये निर्धारित 85 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से गेहूँ की खरीदी होगी। जिले में 8 अप्रैल तक 41 हजार 616 किसान अपना पंजीयन करा चुके हैं। जिले में गेहूँ का उपार्जन का कार्य जारी है।

### सम्पत्तियों का सर्वेक्षण कर पोर्टल पर किया जा रहा दर्ज

**कटनी।** नगरपालिक निगम कटनी अंतर्गत जी.आई.एस. पद्धति के माध्यम से सम्पत्ति का सर्वेक्षण कार्य कराये जाने उपरांत ई-नगरपालिका पोर्टल पर अपडेट किया जा रहा है, साथ ही संलग्न दस्तावेज अनुसार ही सम्पत्तिकर वसूली की जावेगी। समस्त भू-स्वामी संलग्न जानकारी के संबंध में कोई आपत्ति होने पर समस्त वांछनीय दस्तावेजों सहित, पत्र प्राप्त होने के 15 दिवस के अंदर कार्यालय नगरपालिक निगम, कटनी के कक्ष कं. 10 में प्रस्तुत कर सकते हैं, निर्धारित समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में संलग्न जानकारी अनुसार निगम द्वारा कर अधिरोपण एवं वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

### फंदे में लटकी मिली युवक की लाश

**कटनी।** एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना उमरियापान थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ीखुर्द में अमित पटेल पिता भूपेश पटेल 28 का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। युवक ने यह आत्मघाती कदम किन कारणों के चलते उठाया है, इसका खुलासा नहीं हुआ है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### अलग अलग स्थानों से जब्त की अवैध शराब

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने ग्राम पड़रभटा में चेतुप्रसाद कोल के पास से 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, विजयराघवगढ़ पुलिस ने चोरा कनेरा पुलिया के पास लक्ष्मण सिंह गौड़ के पास से 18 पाव देशी प्लेन शराब, कैमोर पुलिस ने ग्राम चरी शासकीय तालाब के पास नकुल पटेल निवासी ग्राम चरी के पास से 54 लीटर देशी प्लेन शराब 30 हजार रुपए जब्त की है।

सूर्यदेव की तल्ख किरणें मानो आसमान से आग बरसा रही हैं, रात में भी बैचेनी

# पारे की बढ़ती चाल से हाल हो रहे बेहाल झुलसा रहे आग सी गर्म हवाओं के थपेड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



इन दिनों सूर्य की तल्ख किरणें मानो आसमान से आग बरसा रही हैं। जैसे जैसे दिन चढ़ता है गर्मी प्रचंड रूप लेती जाती है। दोपहर के समय तो बाहर निकलने पर गर्म हवाओं के थपेड़े जनमानस को झुलसा रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते सड़कें तवे की तरह तप रही हैं। झुलसाती गर्मी में आसमान से आग बरसने का अहसास हो रहा है। गर्मी से लोगों के हाल बेहाल हो रहे हैं। गर्म हवा के थपेड़ों के बीच लू लगने की आशंका बढ़ गई है।

शहर समेत जिले भर भीषण गर्मी का सिलसिला जारी रहा। दिन निकलने के के घंटे दो घंटे बाद सूर्य आग उगलता हुआ सा नजर आता है। सुबह 10 बजे से सड़कें तपने लगती है। चिलचिलाती धूप होने से दिनभर तपिश का अहसास बना रहता है। वातावरण में उमस व गर्मी बनी रहने से पंखें भी गर्म हवा फैंक रहे है। जरूरी से काम से घरों से बाहर निकले लोगों को गर्म हवा के थपेड़ों से परेशानी महसूस हो रही है।

एक सप्ताह से पड़ रही प्रचंड गर्मी से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। सूर्यदेव अपना प्रचंड रूप दिखा रहे हैं। तेज गर्मी की वजह से मौसमी बीमारियां भी चपेट में ले रही हैं। लोग पेड़ की छांव के नीचे जाकर राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में वह भी नहीं है। ग्रामीण अंचलों में बिजली की कटौती से लोग बेचैन हो रहे हैं। दोपहर के समय तेज धूप में कूलर भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। दिन तो दिन रात को भी गर्मी का अहसास बना रहता है। दिन में धूप से बचने के लिए लोग गमछा बांधकर व टोपी लगाकर निकलने मजबूर हैं। सबसे अधिक परेशानी मजदूर वर्ग को हो रही है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, वैसे-वैसे जलस्तर भी नीचे जा रहा है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

अत्यधिक गर्मी में लू (तापघात) की संभावना जानलेवा हो सकती है। लू से बचाव के लिए धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के डील सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। भोजन करके एवं पानी पीकर ही बाहर निकले। गर्मी के मौसम में गर्दन के पिछले भाग, कान व सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही धूप में निकले। रंगीन चश्मे व छतरी का प्रयोग करें। गर्मी में हमेशा पानी अधिक मात्रा में पिएं एवं पेय पदार्थों का अधिक से अधिक मात्रा में सेवन करें। बाहर जाते समय अपने साथ पानी रखें। गर्मी के दिनों में बच्चों का विशेष ध्यान रखें। बच्चों को सिखाये कि जब भी उन्हें अधिक गर्मी महसूस हो तो वे तुरंत घर के अंदर आएं। गर्मी के दिनों में बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखें। उन्हें धूप में घर से बाहर न निकलने दें व उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करें एवं सुपाच्य भोजन तथा तरल पदार्थों का सेवन करवाये। गर्मी के दिनों में ठंडे मौसमी फलों का सेवन करें।

गर्मी के दिनों में तीव्र धूप को अंदर आने से रोके। जहां तक संभव हो, ज्यादा समय तक धूप में खड़े होकर व्यायाम मेहनत एवं अन्य कार्य न करें। बहुत अधिक भीड, गर्म घुटन भरे कमरों में ना जाएं । रेल, बस आदि की यात्रा गर्मी के मौसम में अतिआवश्यक होने पर ही करें। बच्चों एवं बुजुर्गों को दिन के सबसे गर्म समय जैसे दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर की गतिविधियों में शामिल ना होने दें।

# बड़गांव में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**कलेक्टर ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंच कर सुन रहे जनता की समस्यायें**

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इस कड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद का कार्यक्रम का आयोजन जारी है। जिले मे अगली लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम बुधवार 9 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में होगी।

### कलेक्टर कर रहे समीक्षा

ज्ञातव्य हो कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुख-दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार 9 अप्रैल को रीठी विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़गांव में, गुरुवार 17 अप्रैल को कटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत पहाड़ी में और गुरुवार 24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

इसके अलावा गुरुवार 1 मई को बड़वारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़ियि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा। लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के सभी आयोजन निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

**जवारा जुलूस में रही लोगों की भीड़, पुलिस बल रहा तैनात**

# भक्ति भाव से निकले जवारें, खप्पर लिए नाच रहीं थी काली, पंडा खेल रहे थे भाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

चैत्र नवरात्रि के आखरी दिन सोमवार को देवी मंदिरों में बोए गए जवारों का विसर्जन किया गया।चल समारोह के बाद नगर के जलाशयों में जवारें विसर्जन किये गए। अष्ठमी और रामनवमीं पर सुबह से ही देवी मंदिरों में मातारानी के पूजन अर्चन और आठें-अठवाई चढ़ाने का क्रम जारी रहा। सोमवार को मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिरों में बोए गए जवारें की पूजा अर्चना के बाद शाम होते ही जवारें विसर्जन के लिए चल समारोह शुरू हुआ। उमरियापान में जवारा बस्ती अंदर बड़ी माई मंदिर,चंडी माता, कटरा बाजार, चंडी माता मंदिर, बस स्टेण्ड, झंडा चौक ,कुदवारी मोहल्ला सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे।इस दौरान माता के भक्त मुंह में बाना छेदकर तो कोई भक्त जलता हुआ खप्पर हाथों पर लेकर जवारों के आगे -आगे नाचते चलते रहे।पीछे -पीछे सिर पर जवारे कलश रखे महिलाएं और युवतियां चलती रहीं। खप्पर लिए नाच रही काली जवारा चल समारोह (जुलूस) में आकर्षण का केंद्र रहा।

नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए क्यूली तलैया और पुरैना तालाब में पूजन अर्चन के बाद जवारों को विसर्जित किया गया। जावरा देखने उमरियापान सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सोखता गड्ढा बनाकर जल संरक्षित करने किया प्रेरित




जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जनभागीदारी से जल संचयन के लिए 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता सुरेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में सेक्टर क्रमांक 5 हीरापुर कौड़यि के ग्राम केवलारी मैं सेक्टर के छात्र-छात्राओं के समन्वय और ग्राम वासियों के सहयोग से आम जनमानस में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने की दृष्टि से रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान जल है तो कल है, जल बचाओ जीवन बचाओ आदि प्रेरक नारों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश आम नागरिकों के बीच प्रसारित किया गया। इस दौरान ग्राम वासियों को घर-घर में सोख्ता गड्ढे बनाकर वर्षा जल को अधिक से अधिक संरक्षित करते हुए जमीन में पहुंचाने के प्रयास हेतु प्रेरित किया गया।

# सरकारी कार्यालयों के दैनिक वेतन भोगियों की नई दरें की निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**एक अप्रैल से 30 सितंबर तक निर्धारित की गई हैं नई दरें**

श्रमायुक्त म.प्र. शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार शासकीय विभागों में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिये एक अप्रैल 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक की अवधि के लिए दैनिक वेतन की नई दरें निर्धारित की गई हैं। इन दरों में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित है। यह दरें मासिक, दैनिक तथा अंशकालिक एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों और श्रमिकों पर लागू होंगी।

निर्धारित नई वेतन दरें-कुशल कर्मचारियों के लिये न्यूनतम मूल वेतन 9575 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रूपये के साथ प्रतिमाह कुल 12125 रूपये निर्धारित किया गया है। अर्द्धकुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन प्रतिमाह 10557 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रूपये के साथ कुल वेतन 13121 रूपये निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार कुशल के लिये न्यूनतम मूल वेतन 12294 रूपये तथा परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता 2550 रुपए के साथ प्रतिमाह कुल 14844 रूपये वेतन देय होगा। उच्च कुशल के लिये प्रतिमाह 13919 रूपये न्यूनतम मूल वेतन तथा 2550 रूपये परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता सहित कुल 16469 रूपये कुल वेतन देय होगा। मजदूरी निर्धारण में पैसे तथा रूपये के गुणांकों को राउंड अप करके ही दैनिक एवं मासिक मजदूरी निर्धारित की जायेगी।

कृषि नियोजन के लिए अकुशल मजदूर की मजदूरी 7660 रुपए तथा 2268 रुपए मंहगाई भत्ते के साथ कुल 9928 रुपए प्रतिमाह निर्धारित की गई है। इसकी दैनिक मजदूरी मूल वेतन 255.33 रुपए तथा मंहगाई भत्ता 75.60 रुपए सहित 331 रुपए प्रतिदिन देय होगी। महिला एवं पुरूषों के लिए वेतन की दरें समान रहेंगी।

**जन सुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश**

# कलेक्टर तक पहुंच रही मारपीट एवं धमकी देने की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मंगलवार को कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री यादव ने 77 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह एवं संस्कृति शर्मा मौजूद रहें।

### कर्मचारियों को दिलायें बढ़ी मजदूरी दर का लाभ

कैमोर सीमेंट एवं खदान कर्मचारी संघ के महामंत्री ने आवेदन देते हुए मांग की, कि शासकीय और निजी उद्योग में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी दर श्रम विभाग इंदौर द्वारा 1 अप्रैल 2024 से बढ़ाई गई है। बढ़े हुए वेतन का लाभ सभी कर्मचारियों सहित एसीसी लिमि. के कर्मचारियों को भी प्रदान कराई जाये। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने श्रम विभाग को समय-सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए। शासकीय प्राथमिक शाला पुरैनी के सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक उमाकांत कनौजिया ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए कहा कि मैं 31 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत्त हो चुका हूँ। लेकिन मुझे अभी तक प्रथम नियुक्ति का एरियर्स, बीमा की राशि, सरेण्डर लीव व जीपीएफ की राशि प्राप्त नहीं हुई है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने डीईओ को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### मारपीट के मामले कार्यवाही करें

ग्राम कटंगीखुर्द थाना एनकेजे तहसील कटनी निवासी मुकेश बर्मन, अशोक बर्मन एवं चुन्टू बर्मन ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन के माध्यम से बताया कि उन्हीं के गांव के सोहन बर्मन पिता रघुनंदन, करन बर्मन पिता सोहन, कलाबाई पति सोहन, आराधना बाई पुत्री सोहन, अनामिका बर्मन पुत्री सोहन के द्वारा होली के अगले दिन 15 मार्च को हम पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों एवं लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया गया। पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गयी, जिससे उनके हौसले बुलंद है एवं हमे जान से मारने की धमकी देते रहते हैं।



## खबर संक्षेप

### हितग्राहियों से 30 अप्रैल तक ई-केवायसी कराने की अपील

**कटनी।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को शासकीय उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। योजना में प्राथमिकता परिवारों को 05 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य व अन्त्योदय परिवारों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार के मान से निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। साथ ही सभी हितग्राहियों को नमक का वितरण 01 रूपये प्रति किलो की दर से एवं अन्त्योदय परिवारों को शक्कर का वितरण 20 रूपये प्रति किलो की दर से किया जा रहा है। सभी पात्र हितग्राहियों को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि ऐसे हितग्राही जिन्होंने परिवार के सभी सदस्यों की ई-केवायसी नहीं कराई है, वे उचित मूल्य दुकान के विक्रेता से सम्पर्क कर 30 अप्रैल 2025 के पूर्व ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करा लें अन्यथा हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है।

### जल संरक्षण और संवर्धन का जन आंदोलन

**कटनी।** वर्षा जल को सहेजने और पानी की एक- एक बूंद बचानें हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसके परिणाम स्वरूप रोजाना जन- जागरूकता की विभिन्न गतिविधियों श्रमदान के माध्यम से जल स्त्रोंतों की सफाई, चौपाल, संगोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता, दीवार लेखन आदि गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है। मंगलवार को सीएमसीएलडीपी एवं एम.एस.डब्लयू की छात्राओं द्वारा जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण का संदेश प्रसारित करते हुए संदेशों का दीवार लेखन किया गया। छात्राओं द्वारा कटनी के अमीरगंज वार्ड क्रमांक 45, शिवाजी वार्ड, ग्राम हिरवारा, हरदुआ, ढीमरखेड़ा, खमतरा, सहित अन्य स्थलों में आम नागरिकों को जल को सहेजने, जल के प्रति अपनी आवश्यकता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्राम में दीवारों पर सुंदर सचित्र दीवार लेखन के माध्यम से जल के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। तथा जल का सदुपयोग करें एवं उसे व्यर्थ न जाने दें, जल ही जीवन है तथा जल के बिना जीवन संभव नही है, यह दीवार लेखन का कार्य सोनाली दुबे, संगता, रोशनी कुशवाहा, शालिनी मांझी, भारती गौंड आदि छात्राओं के द्वारा किया गया।

### बिजली हादसों से बचने के लिए किया आगाह

**कटनी।** बिजली विभाग ने आम जनता तथा खेतों में काम करने वाले किसानों को आगाह किया है कि वे अपनी फसलों और घास की ढेरियां हाईटेंशन लाइनों से दूर लगाएं। विभाग ने कहा है कि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। बिजली लाइनों तथा ट्रांसफार्मर से उचित दूरी बना कर ही अपनी फसलों को रखें। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं उपकरणों के साथ छेड़छाड़ न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि आँधी तूफान में खंबे, तार टूटे हों तो इसकी सूचना तत्काल शिकायत कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में दें। जमीन पर पड़े तारों को छूने या स्पर्श करने की गलती न करें। साथ ही पार करने का प्रयास न करें। पान टपरों तथा ऐसी दुकानों जिनमें लोहे की चादर का इस्तेमाल होता है, में वायरिंग को सुरक्षित ढंग से पी.वी.सी. पाईप के द्वारा ही कराई जाए। किसी प्रकार की कटी-फटी लूज वायरिंग से जान-माल का खतरा हो सकता है। बारिश के दौरान विद्युत खम्बे, स्टे के पास पानी भराव वाले स्थान से निकलने की जल्दी न करें। सावधानी बरतें क्योंकि बारिश के दौरान करंट लीकेज की संभावनाएं बढ़ जाती हैं। बच्चों और मवेशियों का विशेष ध्यान रखें। अपने मवेशी को बिजली के खम्बे, स्टे वायर इत्यादि से न बांधें।

ई रिक्शा चालकों के लिए रूट तो तय किये गए लेकिन पालन कराने में छूट रहा पसीना

# ई-रिक्शा की धमाचौकड़ी और बेतरतीब पार्किंग से घिसट रहा शहर का यातायात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर का अराजक यातायात नासूर बन चुका है। आलम यह है कि मुख्य मार्ग सहित तिराहे चौराहों दिन भर जाम की स्थिति से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है। फुटपाथ के अस्थायी अतिक्रमण हटाने में भी संजीदगी नहीं दिखाई जा रही। नगर के व्यस्ततम क्षेत्रों में से शायद ही ऐसा कोई क्षेत्र हो जहां समस्या न हो। फुटपाथी कारोबारियों और वाहनों की पार्किंग के चलते 20 से 40 फीट की सड़कें सिकुड़कर 8 से 10 फीट की ही रह जाती है। शहर की यातायात व्यवस्था को जिम्मेदारों ने लावारिस छोड़ दिया है। शहर के अधिकांश मार्ग दुर्दशा के शिकार है। मार्गों में दिन भर जाम लग रहा है। ई रिक्शा से लेकर चार पहिया वाहन दिन भर शहर की सड़कों में धमाचौकड़ी मचाते हुए यातायात व्यवस्था खराब कर दिया है। शहर में आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किये जा रहे हैं। कागजी प्लान तो बनाये जाते हैं लेकिन उनका पालन कराने में पसीना छूट जाता है जिसका नतीजा हर सड़क में जाम के रुप में सामने आ रहा है।

मुख्य मार्ग में जाम की समस्या को कम करने के लिए सवारी आटो को कोतवाली तिराहे से मार्ग डायवर्ट कर संचालन की अनुमति प्रदान की गई है जबकि चारपहिया वाहनों पर यह आदेश बेअसर है। शहर के मुख्य तिराहे व चौराहे अस्थायी पार्किंग स्थल बन चुके हैं। सुभाष चौक हो या कचहरी तिराहा यहां कारों की पार्किंग लगी रहती है। मुख्य स्टेशन से सुभाष चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर ई रिक्शा वाहनों की दिन भर धमाचौकड़ी रहती हैं, जिसके कारण भी आवागमन प्रभावित होता है।ई रिक्शा चालकों के लिए रूट सिस्टम बनाया गया था लेकिन धरातल पर वह नजर नहीं आ रहा।

### इस तरह बनाया है रूट सिस्टम

रूट क्रमांक-1 पर हरे रंग के ई-रिक्शा चलेंगे जो स्टेशन से सराय मोहल्ला के रास्ते ई रिक्शा ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, सिविल लाइन, मुड़वारा स्टेशन, मिशन चौक से माधवनगर गेट होते हुए पीरबाबा तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-2 पर लाल रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से सराय मोहल्ला, गणेश चौक, कचहरी चौक, कोतवाली तिराहा, मिशन चौक, आजाद चौक, कैलवारा मोड़ से होते हुए इंदिरा ज्योति कालोनी तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-3 पर आसमानी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन से बरही रोड, गर्ग चौराहा, आदर्श कालोनी, चड्डा कॉलेज से होते हुए प्लेटफार्म क्रमांक 5 तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-4 पर नारंगी रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 5 से गायत्री नगर, बाबा घाट, कटनी साउथ, डीजल लोको शेड से होते हुए एनकेजे बजरिया तक जाएंगे।

रूट क्रमांक-5 पर सफेद रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये प्लेटफार्म क्रमांक 5 से जुहला-जुहली की ओर चलेंगे।

रूट क्रमांक-6 पर पीले रंग के ई-रिक्शा चलेंगे। ये कटनी साउथ से मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, सिविल लाइन, व्हीआईपी रोड, रेलवे स्टेशन, आयुध निर्माणी, एसीसी होते हुए माधवनगर तक जाएंगे। अगर ई-रिक्शा निर्धारित मार्ग से बाहर गया तो चालान होगा। इसके साथ ही निर्धारित रूट पर स्टापेज भी तय किए जाएंगे।



## अनुबंध निष्पादित नहीं करने पर अमानत राशि की गई राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने ठेकेदार मे.हर्ष कंस्ट्रक्शन,प्रो राजेश तिवारी, सी.एल.पी पाठक वार्ड कटनी को निविदा शर्तो का पालन न करने परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा कराते हुये अनुबंध निष्पादित नहीं किए जाने के कारण स्वीकृति निविदा निरस्त कर ठेकेदार की जमा अमानत राशि को राजसात करते हुये नगरपालिक निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेने हेतु 02 वर्ष तक के लिए प्रतिबंधित किया है।

विदित हो ठेकेदार मे.हर्ष कंस्ट्रक्शन, प्रो राजेश तिवारी को अम्बेडकर वार्ड कमांक 21 में नाला निर्माण कार्य का एल.ओ.ए. दिनॉक 26.11.2024 को जारी करते हुये परफारेमेंस गारन्टी एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारुटी की राशि जमा करते हुये 15 दिवस में अनुबंध करने हेतु सूचित किया गया था, परन्तु संबंधित ठेकेदार द्वारा समयावधि उपरान्त भी पूर्ति करते हुए अनुबंध निष्पादित नहीं किया गया है।

आयुक्त श्री दुबे ने ठेकेदार द्वारा निविदा शर्तों का पालन न करने, परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारन्टी की राशि जमा कराते हुए अनुबंध निष्पादित न किये जाने के कारण म.प्र शासन के आदेश कमांक एफ/2023/18-2 1245 भोपाल दिनांक-3/2/2023 के क्रम में हर्ष कंस्ट्रक्शन,प्रो राजेश तिवारी को उक्त कार्य हेतु जमा अमानत राशि राजसात करते हुये स्वीकृत उक्त कार्य की निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए नगरपालिक निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेने हेतु 02 वर्ष तक के लिए प्रतिबंधित किया है साथ ही उक्त कृत्य की पुर्नवृत्ति ना किए जाने हेतु भविष्य के लिये चेतावनी दी है।

12 अप्रैल तक दोपहर 2 से रात 10 बजे तक लगेगा पुस्तक मेला

## साधूराम स्कूल में पुस्तक मेले शुभारंभ कर कलेक्टर ने बुक स्टालों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सुभाष चौक स्थित साधुराम स्कूल परिसर में 6 दिवसीय गणवेश एवं पुस्तक मेला का कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार शाम को शुभारंभ किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे। पुस्तक मेला 12 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक लगा रहेगा। कलेक्टर श्री यादव की पहल पर लगे इस पुस्तक मेले में निजी स्कूलों, पब्लिसर्स तथा बुक सेलर्स के 26 स्टॉल लगाये गये हैं। पुस्तक मेले में छात्रों, पालकों, अभिभावकों को उचित मूल्य पर पुस्तकें यहां मेला में मिलेगी। कलेक्टर श्री यादव ने छात्रों एवं अभिभावकों से पुस्तक मेले का लाभ लेने का आग्रह करते हुए सभी पुस्तक, स्टेशनरी की दर सूची जरुर लगाने की बात कही।

कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ ने बुक स्टॉल्स का अवलोकन किया और पुस्तक विक्रेताओं से चर्चा की। कलेक्टर ने यहां खरीदी करने पहुंचे अभिभावकों और छात्रों से भी संवाद किया। बताया गया कि कापियों में 28 परसेंट से लेकर 50 फीसदी तक की छूट दी जा रही है।

जिले में 412 अशासकीय शालाओं में दर्ज 84 हजार 97 छात्र और इनके अभिभावक पुस्तक मेला का लाभ उठा सकेंगे ।मेले मे स्टेशनरी, गणवेश, कॉपी और पुस्तकें, पालकों, छात्रों और अभिभावकों को प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम दर पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। पुस्तक मेला में नर्सरी से 12वीं कक्षा तक की एनसीईआरटी और एससीईआरटी द्वारा प्रकाशित पुस्तकें मिल रही हैं। इसके अलावा राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रकाशित सभी प्रकार की पुस्तकें बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर एक नवाचार किया गया है जिसमें जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों की शिक्षा एवं पुस्तकों की उपलब्धता हेतु बुक बैंक स्थापित करने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा पृथक स्टॉल लगाया गया है। इस बुक बैंक स्टॉल में विद्यार्थी और अभिभावक अपनी पुरानी पुस्तकों को जमा कर सकेंगें।

### ग्रामीणों की सहभागिता से बेलहा घाट की हुई सफाई



जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखंड बड़वारा में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की एवं ग्रामीणों की संयुक्त सहभागिता से बरगवा नंबर 2 ग्राम पंचायत अंतर्गत ग्राम मगरहटा मे जल संवाद संगोष्ठी कार्यक्रम, जल बचाओ जागरूकता रैली सहित बेलहा घाट पर साफ–सफाई का कार्य किया गया। विकासखंड समन्वयक बड़वारा नंदिनी वाटिया एवं जनपद सदस्य विनय नागवंशी की उपस्थिति में नवान्कुर संस्था, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत परामर्शदाता, प्रस्फुटन समिति एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत इस कार्य में जनपद सदस्य विनय नागवंशी, उप सरपंच प्रतिनिधि अनिल चौधरी, नवान्कुर संस्था से रघुवीर सिंह, हरभगत सिंह, ओम यादव, धनीराम कुशवाहा, प्रियंका रजक आदि की उपस्थिति रही।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम खितौली में नहरों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



बरही तहसील अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संपूर्ण जिले में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड बडवारा के सेक्टर खितौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत मिडरा में नवांकुर संस्था खितौली के समन्वय एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति खितौली के सहयोग से जल संवर्धन को दृष्टिगत रखते हुए चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर तेजसिंह केशवाल के निर्देश पर एवं ब्लाक समन्वयक नंदनी वाटिया जीके मार्गदर्शन में सभी जल स्त्रोतों में अधिकतम वर्षा जल को संचित किया जा सके। साथ ही बरसात के पानी को अधिक से अधिक जमीन के अंदर पहुंचाने की दृष्टि से घर -घर में सोख्ता गड्ढा बनाया जाना जरूरी है, जिसके लिए हम सभी प्रयास कर जल संवर्धन के इस पुनीत कार्य में सहभागी बनें जिससे हमारा आने वाला कल सुरक्षित हो सके।

खितौली संस्था प्रमुख मनोज तिवारी ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सभी गतिविधियों और कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी, जिसमें जन जागरूकता के लिए दीवार लेखन चौपाल संगोष्ठी रैली और जल स्रोतों के श्रमदान से साफ सफाई और गहरीकरण विशेष रूप से शामिल हैं, आयोजन में ग्राम वासियों के सहयोग से श्रमदान करते हुए साफ सफाई और गहरीकरण किया गया, जिसमें सरपंच सुकसेन सिंह, मिथलेश त्रिपाठी, शिवकांत चतुर्वेदी, संतोष सिंह, मैकू आदिवासी,मोहन साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

पानी की तलाश में वन्य जीव हादसों का हो जाते हैं शिकार

## पानी की व्यवस्था ताकि गर्मियों में प्यास बुझाने वन्यप्राणियों को भटकना न पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने के लिए वन विभाग वन क्षेत्र में जल संरचनाओं का निर्माण कराने की तैयारी कर रहा है ताकि भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए वन्य जीवों को यहां-वहां नहीं भटकना पड़े। इसके अलावा वन क्षेत्र में पहले से स्थित सोसर की भी सफाई कराई जाएगी, जिससे उनमें पानी की आवक बनी रहे। इसके लिए पूरा प्लान तैयार किया गया है। कटनी वन परिक्षेत्र में पुराने सोसर की मरम्मत कराई जा रही है और नए सोसर का निर्माण किया जा रहा है, जहां वन्य प्राणी अपनी प्यास बुझा पाएंगे।

गौरतलब है कि हर साल गर्मी के मौसम में वन क्षेत्रों में स्थित जलस्त्रोत सूख जाते हैं और पानी की तलाश में वन्य जीव की शहरों की तरफ भागते हैं। जिससे ये या तो हादसे का शिकार हो जाते हैं या फिर आवारा कुत्ते इनका शिकार करते हैं। पिछले साल हुई घटनाओं को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा इस बार समय से पहले ही जंगलों में पानी के इंतजाम करने की योजना बनाई गई है।

### सौसर एवं अन्य माध्यमों से पानी की व्यवस्था

कटनी वन परिक्षेत्र अधिकारी नबी अहमद खान ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगे जंगलों में वन्य जीवों के लिए पीने के पानी का इंतजाम कराया जा रहा है। जंगलों में बने सोसर में डेम और जलस्त्रोतों के साथ ही अन्य माध्यमों से पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। निवार-पहाड़ा के पास स्थित ठरका डेम से पानी की सप्लाई जंगल में की जा रही है और यहां बने सोसर में पानी भरा जा रहा है।

इसी तरह जुहला रोड पर स्थित सुरखी टेंक और पन्ना रोड पर ग्राम अमराडाड़ में स्थित डेम से जंगलों में पानी में पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि गर्मी के प्रकोप और जंगलों में जानवरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नए सोसर भी बनाए जा रहे हैं, जिसमे लखापतेरी के पास और कैलवारा के जंगल में नए सोसर बनाए जा रहे हैं, जिससे वन्य जीवों को पानी के लिए भटकना नहीं पड़े।

आधा दर्जन वार्डों में आज से लगेगा तीन दिवसीय शिविर

## शत-प्रतिशत ई-केवायसी लक्ष्य प्राप्ति हेतु वार्डों में लगायें जाएँगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई०डी० का आधार के साथ ईकेवायसी पूर्ण किए जाने हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के साथ शासन की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राही को प्राप्त हो सके इस हेतु नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के मार्गदर्शन में निगम सीमान्तर्गत नागरिको की 'समग्र आई डी का आधार से ईकेवायसी किए जाने हेतु 1 अप्रैल से 31 मई 2025 तक प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक पूर्ण कराये जाने हेतु वार्डवार शिविर लगाकर विशेष अभियान चलाया जायेगा।

आयुक्त श्री दुबे ने आदेश जारी करते हुए नगर निगम से संबंधित संपूर्ण कार्यवाहियों को संपादित कराने हेतु जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को संपूर्ण कार्यवाहियो के लिए नोडल अधिकारी एवं रविशंकर पाण्डेय एवं सनद विश्वकर्मा योजना प्रभारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए दल गठित कर शत-प्रतिशत ईकेवायसी कराये जाने के निर्देश दिए हैं।

### यहाँ आयोजित होंगे शिविर

नगर निगम परिसर कटनी में एवं वार्डों में दिनांकवार शिविर क्रमशः 9 अप्रैल से 11 अप्रैल तक बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्र 1 में इंदिरा नगर आंगनवाड़ी के पास,बिरसा मुंडा वार्ड क्र 2 में पुरैनी स्कूल के पास,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्र 3 में कुठला आंगनवाड़ी भवन शासकीय स्कूल के पास,इंदिरा गांधी वार्ड क्र 4 में बस स्टैंड ऑडिटोरियम में,राम मनोहर लोहिया वार्ड क्र 5 में प्रजापति मोहल्ला आंगनवाड़ी केंद्र में,चंद्रशेखर वार्ड क्र 6 में स्थित धंतीबाई स्कूल में, इसी क्रम में दिनांक 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक यह शिविर गणेश प्रसाद मसुरहा वार्ड क्र 7 में पुरानी बस्ती शंकर मंदिर के पास,जालपा देवी वार्ड क्र 8 में स्थित सामुदायिक भवन में,महात्मा गांधी वार्ड क्र 9 में कनकने स्कूल में,जय प्रकाश वार्ड क्र 10 में स्थित सिंधी स्कूल में,जगमोहन दास वार्ड क्र 11 में श्री जयनारायण पार्षद घर के सामने,वीर सावरकर वार्ड क्र 12 में सरावगी सदन पुराना शंभू टॉकीज़ में,दिनांक 16 अप्रैल से 18 अप्रैल तक वेंकट वार्ड क्र 13 में स्थित शासकीय स्कूल में,राजीव गांधी वार्ड क्र 14 में रबड़ फैक्ट्री रोड आंगनवाड़ी केंद्र में,आचार्य विनोवा भावे वार्ड क्र 15 में स्थित ज़ोन कार्यालय दुर्गा चौक खिरहनी में,रफ़ी अहमद किदवई वार्ड क्र 16 में प्रेम नगर फ़ायर स्टेशन के पास,पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्र 17 में साईं मंदिर के पास आंगनवाड़ी केंद्र में,रामजानकी हनुमान वार्ड क्र 18 में पार्षद कार्यालय मम्मू मेडिकल के सामने मल्टी के पास,दिनांक 19 अप्रैल से 22 अप्रैल तक बाबू जगजीवन राम वार्ड क्र 19 में उड़िया मोहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में,शिवाजी वार्ड क्र 20 में बजरंग कॉलोनी शंकर मंदिर के पास, अंबेडकर वार्ड क्र 21 में सी.एस.पी स्कूल के पास एवं बाबा घाट सोनी बगीचा आंगनवाड़ी केंद्र में,गुरुनानक वार्ड क्र 22 में गोल बाज़ार राम लीला मैदान एवं गुलाब चन्द्र स्कूल में,रघुनाथ गंज वार्ड क्र 23 में राम लीला मैदान घंटाघर एवं सिंधु भवन में,ईश्वरीपुरा वार्ड क्र 24 में पुरवार पुत्री शाला शेर चौक में, दिनांक 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक बी.डी अग्रवाल वार्ड क्र 25 में पुरवार स्कूल गणेश चौक के पास,महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड क्र 26 में मूकबधिर स्कूल के पीछे मैदान में,मदन मोहन चौबे वार्ड क्र 27 में आंगनवाड़ी केंद्र धाऊ चक्की एवं आंगनबाड़ी केंद्र बाउली टोला,नेहरू वार्ड क्र 28 में पार्षद कार्यालय में,वंशस्वरूप वार्ड क्र 29 में दुर्गा मंदिर के पास चंदी की दफ़ाई एवं राधा कृष्ण मंदिर में,सी.एल.पी वार्ड क्र 30 में स्थित नगर निगम औषधालय में,दिनांक 26 से 29 अप्रैल तक रामनिवास सिंह वार्ड क्र 31 में सी.एल.पी स्कूल के सामने स्थित सामुदायिक भवन में,कावसजी वार्ड क्र 32 में राधाकृष्ण मंदिर नैन्सी स्कूल के सामने एवं शंकर मंदिर गढ्ढा टोला,फ़ारेस्टर वार्ड क्र 33 में ज्ञान विद्या मंदिर के पास एवं रंगनाथ थाने के पास आंगनवाड़ी केंद्र में शिविर लगाया जायेगा।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का कल होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

फेडरेशन ऑफ मप्र टेंट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित चेयरमैन अजय सरावगी ने पत्रकार वार्ता के माध्यम से जानकारी दी कि कल 10 अप्रैल गुरुवार फेडरेशन का शपथ ग्रहण समारोह एवं त्रैमासिक बैठक का आयोजन झिंझरी में 11 बजे से आयोजित है । प्रांतीय बैठक के पश्चात एसोसिएशन का जिला प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित है जिसमें कटनी जिले की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।। चिकित्सा के क्षेत्र में जबलपुर के ह्रदयरोग विशेषज्ञडा पुष्पराज पटैल को कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। इस बैठक में ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जिंदल जयपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल राव हरियाणा एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पंकज शौकीन दिल्ली के अतिथ्य में प्रदेश अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा की अध्यक्षता में प्रदेश संयोजक रामबाबू शर्मा फेडरेशन के चेयरमैन अजय सरावगी महासचिव राजेश हार्डिया एवं प्रदीप अग्रवाल गुड्डा भैया कोषाध्यक्ष संजय जैन सहित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे कटनी टैंट लाइट एसोसिएशन का जिला प्रतिभा सम्मान समारोह कटनी के समस्त टेंट व्यवसाईयों के परिवार की उपस्थिति में संपन्न होगा। इस आयोजन को जो की हिंदुस्तान के सेंटर प्वाइंट कटनी जिले में होने जा रहा है । जिला प्रतिभा सम्मान 2025" समारोह का मुख्य उद्देश्य जिले की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्य से कटनी का नाम रोशन किया है। यह मंच उन प्रतिभाशाली व्यक्तियों को पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

## भारी संख्या में तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे नन्ही देवरी के ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया कला में शामिल आदिवासी टोला नन्ही देवरी के ग्राम वासी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। शासन प्रशासन द्वारा आम जनता के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही है लेकिन इन योजनाओं का लाभ इस ग्राम वासियों को नहीं मिल पा रहा है जिसके कारण ग्राम वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नन्ही देवरी के ग्रामवासीयों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या पानी को लेकर है। क्योंकि ग्राम में जितने भी हेड पंप लगे हुए हैं। वह सभी बंद पड़े हुए हैं जिनके कारण ग्रामवासी 2 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाने को मजबूर हैं। जबकि पास के ही ग्रामों मैं नल जल योजना का विस्तार किया गया है लेकिन इस आदिवासी टोला में नल जल योजना का विस्तार नहीं किया गया जिसके कारण पानी की परेशानी अपना विकराट रूप धारण कर रही है पानी की परेशानी को लेकर ग्रामवासी माता बहनों के साथ तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई की पानी की परेशानी जल्द हल नहीं की जाती है तो समूचे ग्रामवासियों द्वारा आंदोलन किया जाएगा क्योंकि पानी के कारण मवेशियों के हालत भी ठीक नहीं है सैकड़ो की संख्या में पानी न होने के कारण मवेशी अपना दम तोड़ चुकी हैं ग्राम वासियों का कहना है कि हमारे ग्राम में कोई भी शासन प्रशासन की योजना का लाभ हम लोगों को नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण हमारा ग्राम बहुत ही पिछड़ा है जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्रामों में गर्मी के मौसम में पानी की बहुत परेशानी होती है जबकि संबंध में शासन प्रशासन को विभिन्न बार अवगत भी कराया गया है। इसके बाद भी समस्या हल नहीं हो रही है शासन प्रशासन द्वारा समय पर पानी की समस्या को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है इसलिए यह समस्या अपना विकराट रूप धारण कर रही है। उन्होंने बताया कि ग्राम नन्ही देवरी में जल्द पानी की व्यवस्था नहीं होती है तो हम सभी क्षेत्रवासी शांत नहीं बैठेंगे इस अवसर पर गोकल प्रसाद मरावी, राजकुमार धुर्वे, फूल सिंह, गिरधारी परस्ते,अशोक, गुलाब रानी, प्रकाश रानी, कमलेश रानी, रोशनी, माया रानी, नेहा, दुर्गाप्रसाद, इन्दु, कमोद सिंह सहित भारी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे।

## मां शारदा के दरबार में दिखे अद्भुत नजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



तेंदूखेड़ा जनपद के ग्राम पतलोनी की मां श्री शारदा देवी जी का प्रसिद्ध स्थान है जहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु आकर मां को घट खप्पर जवारे चढ़ाते हैं । कामना पूर्ण होने पर प्रसाद भंडारी कर कन्याओं भोजन करवाते हैं।चैत्र की नवदुर्गा पावन पर्व पर रामनवमी को ग्राम वासियों ने हर्ष उल्लास धूमधाम के साथ जवारे निकले ।शाम 5 बजे मां चंडी टोरिया पर श्री हनुमान जी के स्थान पुरुष महिलाएं कन्याये जवारे घट खप्पर लेकर एकत्र हुये और मां शारदा देवीजी के पांडा भगवत प्रसाद सेन ने विधि विधान से. घट खप्पर जवारो की पूजा की। देवी पंडा भगवत सेन ने कहा कि इस वर्ष मां के घट खप्पर लगभग 500 रखे गये। बड़ी संख्या में मां के भक्तो जीव में बाने छिदवाये। कीर्तन भजन ढोल नगाड़ों के साथ आधा किलोमीटर पैदल चलकर मां शारदा मंदिर पहुंचे जय माताजी के नारे लगाते हुए मंदिर का परिक्रमा कर बानो को निकाल दिया गया। मां देवीजी की अद्भुत कृपा देखने को मिली। ना मुंह गले में निशाना बनता ना दर्द होता। यह महिमा देखने के लिए ग्राम से लेकर अनेकों गांव के व्यक्ति बड़ी संख्या में मां शारदा देवी जी के दरबार ग्राम पतलोनी पहुंचते हैं।



### आटो की टक्कर से बाइक सवार घायल, एक जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर धनगौर के समीप एक तेज रफ्तार आटों वाहन के चालक ने लापरवाही से आटों चलाते हुए एक बाइक को टक्कर मार दी है। हादसे में दो लोग गंभीर रूप घायल हो गए हैं। एक युवक को जबलपुर रेफर किया गया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार अर्जुन पिता टीकाराम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी शिवलाल खमरिया हल्ले पिता देवराम यादल उम्र 28 वर्ष निवासी शिवलाल खमरिया थाना तारादेही के निवासी हैं जो तेन्दूखेड़ा से वापस अपने घर शिवलाल खमरिया जा रहे थे लेकिन सामने से आ रहे है। आटों चालक ने टक्कर मार दी हादसे में गंभीर रूप से घायल अर्जुन पिता टीकाराम यादव को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### गोवंश का अवैध परिवहन करते एक ट्रक जप्त

**गुनौर।** ट्रक में भरे चौसठ नग गोवंश को बरामद कर स्थानीय जन सहयोग से किया गौ सदन में दाखिल किया। सूचना प्राप्त हुई थी एक ट्रक के अंदर अवैध रूप से गोवंश का परिवहन किया जा रहा है ट्रक क्रमांक MP09HH3411 में निर्दय पूर्वक नर गोवंश को ठूस ठूस कर भरकर पवई तरफ से नागौद तरफ ले जाया जा रहा है जिससे थाना गुनौर में रात्रि गस्त में तैनात कर्मचारियों के द्वारा स्थानीय जन सहयोग से ट्रक को रोक कर चेक करने पर ट्रक में अवैध रूप से 64 नर गोवंश भरे होना पाए गए । ट्रक का ड्राइवर अंधेरे में खेतों तरफ भाग गया। जिससे मौके पर ट्रक एवं उसमें भरे हुए अवैध गोवंशों को जप्त किया गया। गोवंशों को गौ सदन गुनौर में दाखिल किया गया एवं पशु चिकित्सक द्वारा उनका चिकित्सीय परीक्षण किया जा रहा है। थाना गुनौर में अपराध क्रमांक 100/25 धारा 11 घ पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, धारा 4,6,9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है जिसकी विधिवत विवेचना की जा रही है।

**उल्लेखनीय भूमिका:** उक्त संपूर्ण कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन एवं स्थानीय जन सहयोग से थाना प्रभारी गुनौर निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, सहायक उप निरीक्षक अशोक गौतम , प्रधान आरक्षक सुरेश चंद्र पांडे, आरक्षक देवराज पटेल, आरक्षक शिवेंद्र मिश्रा महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 16 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर की आत्महत्या, मर्ग कायम

**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम कुदरा में एक 16 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूल कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के विषय में फरियादी रामकिशन अहिरवार पिता पचइयां उम्र 48 वर्ष निवासी कुदरा ने अमानगंज पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि मेरी पुत्री अर्चना अहिरवार पिता राम किशन अहिरवार उम्र 16 वर्ष ने घर में ही फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। घटना में अमानगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना मे लिया।

### युवक पर जानलेवा हमला युवक की हालत गंभीर

**पन्ना।** जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम ककरा में एक चौधरी परिवार के एक नवयुवक राजकरण पिता ने किन्नैया चौधरी उम्र लगभग 38 वर्ष के लगभग गांव के ही कुछ बर्मन समाज के पुराने विवाद को लेकर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही घायल के परिजनों को लगी तत्काल मौके पर आए और युवक को अमानगंज इलाज हेतु लाने निरंतर प्रयासरत रहे व मुश्किल उन्हें एक एंबुलेंस सहारा घटना की तकरीबन 1 घंटे बाद लगा और उसके माध्यम से अमानगंज सीएससी पहुंचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे तत्काल ही कटनी रेफर कर दिया गया।

### धनीराम कटारे का हुआ निधन



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा नगर की वरिष्ठ नागरिक पूर्व जनपद लिपिक धनीराम कटारे का 74 वर्ष की आयु में मंगलवार 12:30 बजे निधन हो गया। ज्ञात हो कि वे दीपक कटारे एवं दीपेश कटारे के पिता थे। लगभग 1984 से श्री कटारे तेंदूखेड़ा जनपद में लिपिक रहे उन्होंने नौकरी की शुरुआत भी तेंदूखेड़ा से ही की थी नौकरी से सेवा निवृत होने के बाद वे नगर में ही रह रहे थे। श्री कटारे काफी मिलनसार कर्तव्य लिस्ट मृदाभाषी व्यक्तित्व के धनी थे। उनके निधन की खबर से नगर में अशोक की लहर दौड़ा गई। श्री कटारे का अंतिम संस्कार नगर के भटरियां मौहल्ला के शवदाह ग्रह में शाम 6 बजे किया गया है। अंतिम संस्कार पर नगर एवं बहर से आए सैकड़ो मौजूद थे जिन्होने दो मिनट का मोन रखकर अपनी श्रद्धानजली अर्पित की।

## प्रज्ञापीठ तेवरईया में हुआ पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ



**हटा।** समीपस्थ गायत्री प्रज्ञापीठ तेवरईया में बांसतिक चैत्र नवरात्रि अनुष्ठान की पूर्णाहुति हेतु पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ जिसमें यज्ञाचार्य पंडित गिरधर पटेरिया ने सर्वप्रथम वेद मन्त्रों से ध्वज पूजन एवं देव पूजन कर दो पारियों में यज्ञ सम्पन्न कराया। ,240 गायत्री मंत्र से आहुतियों के पश्चात दोनों पारियों में पूर्णाहुति कराई गई। प्रमुख यजमान मुरारी आदिवासी ने शराब एवं मांसाहार छोड़ने का संकल्प कर गायत्री मंत्र की दीक्षा ली। म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डाक्टर रामकृष्ण कुसमरिया द्वारा मुरारी आदिवासी का सम्मान किया और उन्होंने कहा जात-पात की करो विदाई हिन्दू हिन्दू भाई भाई का नारा आज अनेक मंचों से गूंज रहा है। गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने तो कई दशकों पहिले जाति वंश सब एक समान,मानव मात्र एक समान का नारा दिया। यह मानव शरीर धर्म का माध्यम है हमें इस शरीर का मांसाहार ओर नशा में बिल्कुल दुरपयोग नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम के समापन पर 24 कुंडीय यज्ञ देवरा जामशा हेतु आमंत्रण दिया गया। महायज्ञ में पुरषोत्तम कटारे, रामस्वरूप दुबे, दुर्गा प्रसाद पटेल, रमेश दुबे, धनीराम कुसमरिया,नर्मदा असाटी हरिनारायण चौकरया, लीलाधर पटेल, गंगाराम नामदेव धनीराम दाहिया एवं क्षेत्रीय दस ग्रामों के परिजनों के प्रति दिनेश दुबे ने आभार व्यक्त किया। कन्या भोजन एवं भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## औषधालय में 124 मरीजों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





श्री दिगम्बर जैन औषधालय समिति द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविरों में 124 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व विधायक अजय टंडन,जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, देवेन्द्र सेठ, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतन चंद जैन, पदम चंद जैन खली, सतीश जैन कल्लन, अजीत कड्या, मनोज जैन मीनू, महेश दिगम्बर, नरेन्द्र बजाज, डॉ रमेश बजाज, अभय बनगाव, नवीन निराला,नेम कुमार सराफ, डॉ अनिल चौधरी,संजीव शाकाहारी, सुनील वेजिटेरियन की गरिमामय उपस्थिति रही। शिविर का प्रारंभ भगवान महावीर के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया, मंगला चरण दीप्ति जैन और ज्योति जैन एवं कांच मंदिर महिला मंडल के द्वारा किया गया। शिविर के उपयोगिता के संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे में कहा कि बीमारियों के प्रारंभिक लक्षणों का पता लगाने और उनका इलाज शुरू करने में मदद मिलती है, जिससे समय पर परीक्षण होने से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। जैन औषधालय के कार्यो के बारे में जानकारी समिति के अध्यक्ष मनोज जैन मीनू और महामंत्री सोनू नेता ने कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। समिति के संरक्षक रतन चंद जैन ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हैं,और हमें समय समय पर परीक्षण कराते रहना चाहिए। शिविरो में ब्लड प्रेशर और शुगर की आवश्यक जांचे निःशुल्क की गई। इस शिविर में चिकित्सक डॉ संजीव सिंघई, डॉ देवेन्द्र जैन, डॉ आभाष जैन, डॉ गौरव नायक, डॉ अमित जैन और डॉ अजय जैन, डॉ शैलेन्द्र खत्री, डॉ हरीश खंडेलवाल का समिति के उपाध्यक्ष अमित त्यागी, राजेश ओशो, कोषाध्यक्ष मनोज जैन मंटू, शिविर प्रभारी महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, रोहित जैन रिंकू, मुकेश ठेकेदार, जय कुमार जैन, अंकुर सराफ, आशीष बांसा, आशीष शाह, डॉ आशीष जैन, आशीष जैन,अखिलेश पंडित जी, राहुल जैन बांदकपुर, नितिन सेठ, अनिल फोटो, महेन्द्र बाबा के द्वारा सम्मान किया गया। स्वास्थ्य शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए प्रचार मंत्री महेन्द्र जैन सोमखेड़ा ने बताया कि चिकित्सा शिविर मानव सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण होते है। डॉ अजय जैन एम डी ने मरीजों को दवा के साथ अपनी जीवन शैली में बदलाव करने और सुबह शाम पैदल चलने की आवश्यकता पर जोर दिया और स्वास्थ्य रहने के आवश्यक टिप्स भी दिए। कार्यक्रम का संचालन सोनू नेता ने किया और आभार मुकेश ठेकेदार ने किया।

### सीता-राम विवाह कथाः भाव-विभोर हुए लोग

**बनवार।** फूलन देवी हिनौती में आयोजित शतचण्डी महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा के छठे दिन श्री रामचरित मानस की कथा में राम-सीता विवाह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने श्रीराम-सीता के विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि यह आदर्श विवाह का प्रतीक है, जहाँ प्रेम, समर्पण, और मर्यादा का महत्व है। राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी से सीता का विवाह होगा। श्री राम ने गुरु की आज्ञा से धनुष उठाया और प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और संगीत कलाकारों ने अपने भजनों की धुन पर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने को विवश कर दिया। कथा की समाप्ति के बाद प्रसाद वितरण किया गया। राम सीता की झांकी रहा आकर्षक का केंद्र। सीता और राम का विवाह आदर्श विवाह का प्रतीक है, जहाँ प्रेम, समर्पण, और मर्यादा का महत्व है। यह विवाह हमें जीवन में प्रेम, समर्पण, और मर्यादा के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है।

## मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा ने निभाई मानवता की जिम्मेदारी

**बनवार।** मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा - बनवार ने ग्राम हरदुआ मानगढ़ निवासी भरत प्रसाद दुबे का प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा किया था। दुर्भाग्य से 15 नवंबर 2024 को श्री भरत प्रसाद दुबे की हत्या के कारण मृत्यु हो गई। शाखा को जानकारी मिलने पर स्टाफ ने नॉमिनी श्रीमती वंदना दुबे को सूचित किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए बीमा कंपनी से प्राप्त बीमित राशि 2 लाख रुपये नॉमिनी को उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजनाः बनी वरदान एक वर्ष 4नॉमिनी को प्रदान की दो लाख की राशि इस योजना के तहत 20 रुपये प्रीमियम राशि पर आकस्मिक दुर्घटनावश मृत्यु होने पर नॉमिनी को बीमा कबर 2 लाख रुपये की बीमित राशि दी गई है। इस योजना से गरीब और वंचित वर्ग के लोगों को बीमा कवर प्रदान किया जाता जिससे उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा मिल सके। शाखा प्रबंधक विनीत कुमार जैन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नॉमिनी को बीमित राशि उपलब्ध कराई।और ग्राहक सेवा के मामले में अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे नॉमिनी को समय पर सहायता मिल सकी। इस दौरान कैशियर शुभम साहू संदेश वाहक दीपक सेन की उपस्थिति रही।

### मूंग उत्पादक किसानों के लिए महत्वपूर्ण सुझाव

**दमोह।** बनवार में आयोजित जनसुनवाई कृषि विस्तार अधिकारी श्री दीपक पटेल ने मूंग उत्पादक किसानों को फली खाने वाले कीट के प्रकोप से बचाव के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने बताया कि कीट नियंत्रण के लिए निम्नलिखित रसायनों का उपयोग करने की सलाह दी है जिसमें - इमामेक्टिन बेंजोएट 5% एसजीः 50 ग्राम प्रति एकड़ की दर से प्रोफेनोफोस 50% एमसीः 500 मिली प्रति एकड़ की दर एवं इंडोक्साकार्ब 14.5 एससीः 200 मिली प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें। इन रसायनों को पावर पंप द्वारा 100-125 लीटर पानी में घोल बनाकर या हाथ पंप द्वारा 200-250 लीटर पानी में घोल बनाकर सुबह या शाम के समय छिड़काव करना चाहिए। इसके अलावा, रस चूसक कीट के प्रकोप के लिए, उन्होंने शायोमेश्राग्जाम डब्ल्यूजी 50 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करने की सलाह दी है। ये सुझाव फली खाने वाले कीट और रस चूसक कीट के प्रकोप को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। इन सुझाव का लाभ उठाकर किसान अपनी आय बढ़ा सकते हैं और फसल की उत्पादकता में भी सुधार कर सकते हैं।

## बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं, उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए- न्यायधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



बच्चे राष्ट्र का भविष्य होते हैं इसलिए समाज को भी उनके प्रति संवेदनशील होना चाहिए। बच्चों को भी अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए क्योंकि अक्सर अधिकारों की बात तो सभी करते हैं। किंतु अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं ये बात नगर के आरुष किड्स एकेडमी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर के आयोजन अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के समक्ष संविधान की चर्चा करते हुए कही गई छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बच्चों के प्रति हमारा यह दायित्व है कि प्रत्येक बच्चे के लिए विधिक सेवा सहित सभी अवसर खोले जाए। ताकि उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो और उनकी क्षमता का शारीरिक, मानसिक, नैतिक व आध्यात्मिक विकास हो। बच्चों के संरक्षण एवं अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए कई कानून बनाए है। जिनमें संरक्षक और प्रतिपाल्य अधिनियम, बालश्रम निषेध अधिनियम, प्रसव पूर्व निदान तकनीकी (लिंग चयन प्रतिबंध) अधिनियम, किशोर न्याय (बालकों की देख-रेख एवं संरक्षण अधिनियम), बाल विवाह निषेध अधिनियम, बच्चों को निशुल्क एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम, यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा अधिनियम शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चे ही संविधान के बारे में अपने परिवार को समाज को सही ढंग से बता सकते हैं जाति भेदभाव हमें नहीं करना है इसके बावजूद कोई समस्याएं यदि सामने आती है तो उसके लिए कोर्ट है आप इसका सहारा लेकर समाज को बेहतर दिशा दे सकती बच्चों ने इस दौरान न्यायाधीश से छात्र छात्राओं ने कई प्रश्न किए जिनका उत्तर न्यायाधीश द्वारा दिया गया न्यायाधीश ने बच्चों को कानून का पालन कर अनुशासित जीवन जीने एवं अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत के साथ पढ़ाई करने का संदेश दिया। इस दौरान कपिल गोटिया राकेश साहू उमेश विश्वकर्मा एवं शाला परिवार के लोगों उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में नहीं पहुंचे अधिकारी





**तेजगढ़।** सरकार की मंशानुसार और दमोह कलेक्टर के आदेश अनुसार तेंदूखेड़ा जनपद के अनेकों ग्राम पंचायत में जनता की सुविधाओं के लिए जनसुनवाई कैंप आयोजित कर संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को कैंप में पहुंच कर जनता की समस्याओं का निराकरण करने के आदेश जारी किये है। परंतु तेंदूखेड़ा जनपद की ग्राम पंचायत पतलोनी पंचायत भवन में मंगलवार 8 अप्रैल 2025 को जनसुनवाई का कैंप लगा और जनता भी समस्याएं लेकर पहुंची लेकिन कैंप से समस्या सुनने वाले संबंधित अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे। कैंप में पहुंचे ग्राम पंचायत के सचिव मिट्ठू सिंह, सहायक सचिव नरेंद्र सिंह, वन विभाग के डिप्टी रेंजर सुनील सेन, पतलोनी आंगनवाड़ी की किरण मेहदेले, वर्षा विश्वकर्मा कैंप में रही। संबंधित अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे जिससे समस्या लेकर पहुंचे व्यक्तियों के.काम नहीं हुए। जो व्यक्ति जनसुनवाई में पहुंचे उन्होने कहा कि सरकार की ढीलाशाही और अधिकारियों-कर्मचारियों की मनमानी का रवैया के चलते समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका। ग्राम पंचायत पतलोनी के सचिव मिट्ठू सीग उपस्थित रहे।

## धूमधाम से निकाले गये जवारे



**तारादेही।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही ग्राम में निकाले माता रानी के जवारे नवरात्र पर्व का हुआ समापन भक्तों में दिखी अटूट आस्था तारादेही में बड़ी धूमधाम से निकाली जवारो की शोभा यात्रा जो सांकला की माता के यहां से गांव की खेर माता से होकर रेंज प्रांगण पहुंची जहां पूजा - अर्चना कर देवी का आशीर्वाद लिया उसके बाद सांकला माल से निकली हुई। व्यारमा में नदी में जवारो का विसर्जन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर जवारो के दर्शन करते हुए माता रानी से परिवार की सुख - समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा जिसमें बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## साग़ीनों से छिदकर ज़वारों के साथ मन्दिर पहुंचे भक्त



**मडियादो।** चैत्र नवरात्र पर्व पर मडियादो का देवी शीतला मां का मंदिर ग्रामीणों की आस्था और भक्ति का केंद्र है। भक्त एवं ग्रामीण जवारे विसर्जन के पहले मां के मंदिर अपने अपने दिवाले घट लेकर आते है और पूजा अर्चना के बाद विसर्जन के लिए जाते है। इसी क्रम में मडियादो में लगभग 28 स्थानों पर दिवाले रखे गए जो राम नवमी पर शाम से अपने अपने जवारे लेकर भव्यता के साथ मां शीतला के मंदिर पहुंचे। देर रात तक चले जवारे विसर्जन को देखने ग्रामीण मंदिर पहुंचे।वहीं मंदिर की सजावट ओर भक्तों के जयकारों से धर्ममय माहौल देखने को मिला। इस दौरान जवारे में सैकड़ों युवा संगीनों से छिदे हुए मंदिर पहुंचकर जिससे भक्ति की शक्ति देखने मिली। बता दे कि मडियादो कस्बे का शीतला मां का अति प्राचीन ओर चमत्कारी है। विराजमान मां शीतला के द्वारा मनोकामना पूर्ण करने की बात कई भक्तों द्वारा बतलाई जाती है। पंडित जुगल दुबे ने कहा कि चैत्र नवरात्र में सबसे ज्यादा दिवाले आते है और भक्त भक्ति की शक्ति का प्रदर्शन करते है।

